आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.10.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- देश भर के चालीस अलग–अलग स्थानों पर रोज़गार मेला का आयोजन किया गया–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हम वर्ष दो हजार सैंतालीस में आज़ादी का सौ वर्ष मनाएंगे, तब यही युवा हमारे विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
- श्री विजयपुरम में डीब्रेट में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय कोयला और खनन राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे और सांसद बिष्णु पद रे ने संयुक्त रूप से एक हजार से अधिक युवाओं में नियुक्ति पत्र बांटे।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता सूची का मसौदा जारी कर दिया गया।
- आज धनतेरस मनाया जा रहा है।

<><><><><><><>

राष्ट्रव्यापी रोज़गार मेला का चौंथा चरण आज आयोजित हुआ। देश भर के चालीस अलग–अलग स्थानों पर आयोजित रोज़गार मेले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को वर्चुअल माध्यम से बटन दबाकर नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने सभी नवनियुक्त युवाओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के लाखों युवाओं को स्थाई नौकरी देने का काम लगातार जारी है। देश के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोज़गार मिले, ये हमारी कोशिश है। उन्होंने कहा कि जब हम वर्ष दो हजार सैंतालीस में आज़ादी का सौ वर्ष मनाएंगे, तब यही युवा हमारे विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों और आयकरदाताओं की वजह से हमारे युवाओं को रोज़गार मिल रहा है। आज बिना खर्ची और बिना पर्ची के रोज़गार के अवसर मिलना संभव हो पाया है। नागरिकों के ऐसे योगदान के लिए हमारी सरकार उनकी सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है और हमेशा उनका आभारी रहेगी।

श्री विजयपुरम में डीब्रेट में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय कोयला और खनन राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने द्वीपसमूह की प्राकृतिक सौंदर्य के साथ–साथ यहां की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एन डी ए सरकार देश में ऐसी कई सारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है, जिससे हमारे देश के नागरिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके और वे आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि आज के रोज़गार मेले में जिन एक हजार चौवालीस युवाओं को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए हैं, उनमें से पांच सौ बत्तीस महिलाएं और पांच सौ बारह पुरूष उम्मीदवार शामिल हैं, जो ये दर्शाता है कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। राज्य मंत्री ने सभी से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम में सांसद बिष्णु पद रे ने कहा कि जिन लोगों को नियुक्तियां मिली है, उनमें नब्बे प्रतिशत स्थानीय उम्मीदवार है और नियुक्तियों में पूरी पारदर्शिता बरती गई। इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए प्रभारी मुख्य सचिव ए एस पी एस रवि प्रकाश ने कहा कि रोज़गार मेला बेरोज़गारीमुक्त भारत बनाने की दिशा में एक बढ़ता हुआ कदम है। कुल मिलाकर इन द्वीपों मे अब तक चार हजार नौ सौ अट्‌ठाईस युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की जा चुकी है।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता सूची का मसौदा जारी कर दिया गया। श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सम्मेलन कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और मीडिया को जानकारी देते हुए द्वीपों के प्रभारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मसौदे के अनुसार द्वीपों में कुल मतदाताओं की संख्या तीन लाख बारह हजार दो सौ सैंतालीस है। मतदाता सूची में मामूली वृद्धि हुई है। कुल मतदाताओं में एक लाख बासठ हजार इक्यासी पुरूष मतदाता है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या एक लाख पचास हजार एक सौ तिरसठ है। तीन ट्रांसजेंडर मतदाता भी है। उन्होंने कहा कि इस बार आठ हजार आठ सौ सात नाम काटे गए, जबकि नौ हजार दो सौ बावन नाम जोड़ा गया। निन्यानब्बे दशमलव तीन नौ प्रतिशत मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी कर दिया गया है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अगले वर्ष छः जनवरी को किया जाएगा। इससे पहले अगले महीने की नौ और दस तारीख तथा तेईस और चौबीस नवम्बर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान बूथ स्तर के अधिकारी अपने–अपने मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहेंगे। मतदाता सूची में लिंग अनुपात नौ सौ छब्बीस है। दावे और आपत्तियां आज से लेकर अट्‌ठाईस नवम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे। कुल मतदान केन्द्रों की संख्या चार सौ बारह से घटकर चार सौ ग्यारह रह गई है।

**<><><><><><><>**

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र ने दूसरों के बैंक खातों का इस्तेमाल कर अवैध भुगतान प्रणालियां बनाए जाने के प्रति सचेत किया है। अंतरराष्ट्रीय संगठित साइबर अपराधी, धनशोधन के लिए ऐसे बैंक खातों का इस्तेमाल करते हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार, हाल में गुजरात और आन्ध्र प्रदेश पुलिस के छापों में पता चला है कि अपराधी गैर–कानूनी डिजिटल भुगतान प्रणाली के माध्यम से साइबर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी खातों को विदेशों से नियंत्रित किया जाता है और इनके जरिए अवैध भुगतान प्राप्त किए जाते हैं। इन खातों को आपराधिक और अवैध लेन–देन के लिए अंतर्राष्ट्रीय गिरोंहों को उपलब्ध करवाया जाता है। जहां वे लोगों से अलग–अलग तरीके से धोखाधड़ी कर धन एकत्र करते हैं। इन फर्जी खातों में जैसे ही धनराशि प्राप्त होती है अपराधियों द्वारा उसे वैसे ही अन्य खातों में स्थानांतरित कर दिया जाता है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने नागरिकों को सलाह दी है कि वह अपने बैंक खाते कंपनी पंजीकरण के प्रमाण पत्र या उद्यम आधार पंजीकरण के प्रमाण पत्र किसी के साथ साझा ना करें। नियमों का उल्लंघन करने वाले ऐसे बैंक खातों में जमा अवैध धनराशि के कारण गिरफ्तारी सहित कानूनी कार्रवाई हो सकती है। नागरिकों को किसी भी साइबर अपराध की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 या **cybercrime.gov.in** पर करनी चाहिए।

**<><><><><><><>**

कामराज अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का वार्षिक खेलकूद उत्सव कल स्कूल के मिनी स्टेडियम में रखा गया है। सुबह साढ़े आठ बजे इसका उद्‌घाटन होगा।

**<><><><><><><>**

आज धनतेरस मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में शहर के बाजारों में काफी रौनक है और लोग सोने–चांदी के बर्तनों के अलावा आभूषण और वस्त्रों आदि की खरीद कर रहे हैं। घरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। कल छोटी दीपावली का पर्व मनाया जाएगा।

**<><><><><><><>**